an>

Title: Need to expedite electrification of villages under Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran scheme in Gonda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गौंडा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोण्डा (उत्तर प्रदेश) में 'राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत ग्रामीण विद्युतीकरण के स्थिर पड़े कार्य की ओर माननीय ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान आकर्Âिेात करना चाहता हूं जिसके कारण 1054 ग्राम पंचायतों के 1836 गांवों का विद्युतीकरण अधर में है। 300 से अधिक आबादी के मजरों के लिए राजीव गांधी विद्युतीकरण की 11वीं योजना का कार्य 'कार्यदायी संस्था समाज कल्याण निर्माण निगम' को दिया गया था एवं 100 से 300 तक आबादी वाले मजरों का कार्य 12वीं योजना के अन्तर्गत एक कम्पनी को दिया गया था। समाज कल्याण निर्माण निगम द्वारा इस कार्य हेतु एक प्रोजेक्ट मैनेजर की नियुक्ति के 6 माह बाद भी कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जहां तक उपरोक्त कम्पनी का सवाल है, इसे बिजली के खम्भों की सप्लाई नहीं हो पा रही है। कुछ मजरों में इनका कार्य हुआ है किन्तु एक भी मजरा संतृप्त नहीं किया गया है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध है कि ग्रामीण जनता के कÂटों को ध्यान में रखते हुए इस रुके पड़े कार्य को अतिशीघ्र शुरू कराया जाये।